कार्यक्रम | विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

# तंबाकू में पाए जाते हैं 400 प्रकार के हानिकारक तत्व




**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत रेलवे अस्पताल पिपरिया एवं नरसिंहपुर में 30 एवं 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित थीम आकर्षण का पर्दाफाश करना: निकोटीन एवं तंबाकू की लत का मुकाबला करना रही।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों द्वारा अपनाई जाने वाली भ्रामक विपणन रणनीतियों एवं विज्ञापनों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा युवाओं और किशोरों को ई-सिगरेट एवं अन्य आधुनिक तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। इस अवसर पर रेलवे चिकित्सक डॉ. आर.आर. कुर्रे ने बताया कि तंबाकू में लगभग 400 प्रकार के हानिकारक रासायनिक तत्व पाए जाते हैं, जो मानव स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव डालते हैं। खैनी, गुटखा एवं अन्य धूम्ररहित तंबाकू उत्पादों के सेवन से मुंह का कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है, जबकि ई-सिगरेट एवं धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। तंबाकू सेवन से हृदय रोग, श्वसन संबंधी समस्याएं तथा बांझपन जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।

### बैनर के माध्यम से दी गई जानकारी

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान रेलवे अस्पताल पिपरिया, रेलवे अस्पताल नरसिंहपुर तथा रेलवे स्टेशन नरसिंहपुर में पोस्टर, बैनर एवं उद्घोषणाओं के माध्यम से यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों एवं आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों को तंबाकू का सेवन न करने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। डॉ. कुर्रे ने कहा कि वर्तमान समय में तंबाकू एवं नशे की प्रवृत्ति युवाओं, किशोर-किशोरियों तथा स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों में तेजी से बढ़ रही है। इस चुनौती से निपटने के लिए अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों एवं समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने लोगों से तंबाकू उत्पादों एवं इनके भ्रामक विज्ञापनों का बहिष्कार करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया।



# पुरुषोत्तम माह में गूंज रहा 'हरे राम' संकीर्तन

▸ भक्ति में डूबी श्री नरसिंह टेकरी

**सिहोरा, नवभारत।** पूज्य गुरुदेव गोलोकवासी स्वामी द्वारकादास महाराज की तपोस्थली नरसिंह टेकरी, खितौला सिहोरा इन दिनों भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है। पावन पुरषोत्तम माह के अवसर पर यहां अखंड हरी नाम संकीर्तन की दिव्य धारा निरंतर प्रवाहित हो रही है। वातावरण 'हरे राम, हरे कृष्ण' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा है, जिससे पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा माहौल बना हुआ है।

पूज्य गुरुदेव स्वामी गोविंददास महाराज ने बताया कि पुरषोत्तम मास में भगवान के नाम का संकीर्तन करना अत्यंत पुण्यदायी और फलदायी माना गया है। यह विशेष माह भगवान श्री नरसिंह भगवान को समर्पित है, और मान्यता है कि इसी काल में उनका दिव्य प्राकट्य हुआ था।

### मिलता है कई गुना अधिक फल

धार्मिक ग्रंथ पद्म पुराण के अनुसार, इस माह में किए गए जप, तप, संकीर्तन और सत्संग का फल सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक प्राप्त होता है। हरी नाम संकीर्तन से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पापों का नाश होता है और आत्मा की शुद्धि होती है।

### लोगों से लाभ लेने की अपील

इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन उपस्थित होकर संकीर्तन का लाभ ले रहे हैं। पुजारी बांके बिहारी दास, लखन पांडे, गणेश प्रसाद मिश्रा, प्रेमनारायण तिवारी, अश्वनी उपाध्याय, पुरषोत्तम पांडे, अनिल पांडे, राजा दुबे, सुभाष अग्रवाल, लालू चौरसिया सहित समस्त भक्तों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अखंड हरी नाम संकीर्तन में शामिल हों और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें।

# पुलिस कस्टडी में दो माह में चार मौतों पर कोर्ट सख्त

▸ सीसीटीव्ही सुरक्षित रखने के निर्देश, जवाब-तलब



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन व जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की युगलपीठ ने छतरपुर में पुलिस कस्टडी में दो माह के भीतर चार मौतों के मामले को गंभीरता से लिया। न्यायालय ने मामले में थानों के सीसीटीव्ही फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश देते हुए राज्य शासन सहित अन्य से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को निर्धारित की गई है।

यह जनहित का मामला याचिकाकर्ता खजुराहो निवासी समाजसेवी पीयूष दीक्षित की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से दलील दी गई कि छतरपुर जिले के विभिन्न थानों में महज दो माह के भीतर चार युवकों की पुलिस कस्टडी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। इन मौतों के लिए पुलिस की थर्ड डिग्री जिम्मेदार है। जिस कारण मामले की जांच सीबीआई से कराने, दोषी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने और सीसीटीवी फुटेज और काल डिटेल रिकार्ड तत्काल जब्त करने के निर्देश जारी किये जाने की राहत चाही गई। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता केसी घिल्डियाल और अधिवक्ता जितेंद्र कुमार दीक्षित ने पक्ष रखा। जबकि राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली उपस्थित रहे। राज्य शासन की ओर से अवगत कराया गया कि चार में से दो मामलों में न्यायिक जांच के आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

इसके बाद हाईकोर्ट ने सरकार, डीजीपी, आईजी सागर रेंज, छतरपुर पुलिस अधीक्षक और राजनगर, चांदला और गौरीहार थाना प्रभारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता ने सवाल भी उठाया कि चारों मामलों में पुलिस द्वारा लगभग एक जैसा जवाब दिया गया कि आरोपियों ने आत्महत्या कर ली या जहर खा लिया। जिस कारण पुलिस कस्टडी और हवालात जैसी सुरक्षित जगहों पर आरोपियों तक जहर या फांसी लगाने के साधन कैसे पहुंचे, यह जांच का विषय है।

## बम्हनी पुलिस ने खैरागढ़ से दबोचे चोरी के आरोपी

**बम्हनी/मंडला।** मंडला जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में पुलिस की विशेष टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए चोरी की एक गंभीर वारदात का पर्दाफाश किया है और छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ से आरोपियों को हिरासत में लेकर चोरी गया मशरूका बरामद कर लिया है।

जानकारी अनुसार प्रार्थिया जानकी कार्तिकेय पति राजू कार्तिकेय, 45 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 08, घटिया ने थाना बम्हनी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीते 14 मई की रात उनका घर सूना था। रात 12 बजे से सुबह 7 बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने सूने मकान का ताला तोड़कर भीतर रखी एल्यूमिनियम की पेटी पार कर दी। उक्त पेटी में पुराने सोने-चांदी के जेवरात, दस हजार रूपए नगद, वाहन के दस्तावेज और कीमती कपड़े रखे थे, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बम्हनी थाने से उपनिरीक्षक पुनीत बाजपेयी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की तकनीकी सहायता के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध हमराज यादव,निवासी घटिया व एक विधि विरुद्ध बालक को खैरागढ़ छग से अभिरक्षा में लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपने एक अन्य साथी दहू पटेल (निवासी अंजनिया) के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

# खाई में घुसा ट्राला, सुबह रेत से भरा हाइवा पलटा

▸ बीजाडांडी क्षेत्र में थम नहीं रहे हादसे, उदयपुर के पास दो भीषण सड़क दुर्घटनाएं, रोड पर बिखरीं कीमती दवाइयां







**बीजाडांडी/ उदयपुर, नवभारत।** जबलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीजाडांडी थाना अंतर्गत उदयपुर ग्राम के समीप बीती रात और शनिवार सुबह दो अलग-अलग भीषण सड़क हादसे हो गए। इन हादसों में गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, लेकिन गनीमत यह रही कि किसी भी हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बीजाडांडी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी अनुसार पहली दुर्घटना रात करीब 11 बजे उदयपुर के जियो पेट्रोल पंप के आगे मोड और फक्कड़ बाबा कुटी के समीप हुई। जहां रायगढ़ से गुजरात की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्राला क्रमांक जीजे 06 जीई 408 ने सामने से आ रहे दवाइयों से लदे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 70777 को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि रायपुर से दिल्ली जा रहे ट्रक के साइड और पीछे का हिस्सा पूरी तरह चरमरा गया और उसमें भरीं कीमती दवाइयां पूरी सड़क पर बिखर गईं। टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित और अत्यधिक रफ्तार में चल रहा ट्राला सड़क किनारे लगे सागौन के दो बड़े पेड़ों को उखाड़ते हुए सड़क के नीचे करीब 5 फीट गहरी खाई में जा घुसा। इस हादसे में दोनों वाहनों के चालकों और परिचालकों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय नागरिकों और पुलिस की मदद से सड़क पर बिखरी दवाइयों को सुरक्षित एकत्र किया गया।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलते ही बीजाडांडी पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और मौका मुआयना के बाद स्थिति को संभाला। पुलिस ने क्रेन और अन्य साधनों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को व्यवस्थित कराया जिससे हाईवे पर यातायात बाधित न हो। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### समनापुर तिराहे के पास पलटा रेत से भरा हाईवा

बताया गया कि दूसरी दुर्घटना शनिवार सुबह उदयपुर-समनापुर तिराहे के आगे मोड़ पर हुई। जहां मंडला की तरफ से आ रहे रेत से लदे एक बेलगाम हाइवा क्रमांक एमपी 20 जेडएन 7284 ने सुबह के समय ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान चालक को नींद का झोंका आ गया और गाड़ी अनियंत्रित हो गई। चालक ने जैसे ही ब्रेक लगाया, हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे पलट गया। हाइवा पलटने के बाद उसमें सवार दोनों चालक अंदर ही फंस गए थे, जिनमें से एक केबिन में सो रहा था। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने हाइवा का कांच तोड़कर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस हादसे में भी दोनों को मामूली चोटें आईं और वे बाल-बाल बच गए।

प्रदर्शन | कटंगी में युवक कांग्रेस का आंदोलन, सिहोरा में भी हुआ विरोध-प्रदर्शन

# अनोखे अंदाज में किया पेट्रोलियम कीमतों के विरोध में प्रदर्शन





**नवभारत, कटंगी।** आज कटंगी में बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों को लेकर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों की तुलना 'मेलोडी इतनी चॉकलेटी क्यों है' वाले लोकप्रिय डायलॉग से करते हुए व्यंग्यात्मक अंदाज़ में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम जनता पर बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों के असर को मुद्दा बनाया। उनका कहना था कि लगातार बढ़ रही ईंधन की कीमतों से आम लोगों का बजट प्रभावित हो रहा है और सरकार को इस पर राहत देनी चाहिए। युवक कांग्रेस पाटन, कटंगी, मझौली विधानसभा अध्यक्ष ललित सोनी, सत्यम नेमा, नितिन राजपूत, यश सोनी, शहवाज खान, सौरभ सोनी, आयुष जैन, कृष्ण यादव, अंकित सोनी, गोल्डी इमरोज खान, शशांक सोनी, राहुल झारिया, राहुल सोनी, बल्लू खान, बंटी खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ सिहोरा में कांग्रेस का हल्ला बोल

**सिहोरा।** बढ़ती महंगाई और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जबलपुर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के अध्यक्ष बिहारी पटेल एवं संजय गुप्ता के संयोजन में बस स्टैंड सिहोरा स्थित पुलिस थाने के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर सहित रोजमर्रा की वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों को लेकर आम जनता की परेशानी को प्रमुख मुद्दा बनाया। इसके साथ ही नीट परीक्षा में पेपर लीक घोटाले को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई गई। अघोषित विद्युत कटौती, कृषि पंपों की हॉर्स पावर बढ़ाकर अतिरिक्त बिल वसूली, स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक, गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर नियंत्रण तथा नियमित होम डिलीवरी सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

प्रदर्शन में प्रदेश सचिव राजेश चौबे, प्रकाश कुररिया, पूर्व पार्षद आलोक पांडे, संदीप व्यवहार, मंडलम अध्यक्ष संदीप शुक्ला, लाल बहादुर पाठक, के.के. कुररिया, बाबा कुरैशी, रमेश पटेल, राजकुमार पटेल, डब्बू पाठक, जितेंद्र तिवारी, प्रांजल शराफ, घनश्याम बड़गैया, रमा चौरसिया, सीमा ठाकुर, चंद्रजीत पटेल, युसूफ खान, मीत सैनी, सुभाष ठाकुर, दिवाकर दुबे, सेलू ठाकुर, सत्येंद्र पटेल, राजेश तिवारी, प्रेमचंद दाहिया, प्रतीक पटेल, सुखदेव नामदेव, जुगल किशोर पटेल, अंकित पटेल, प्रदीप पटेल, सागर तिवारी, शंकर ठाकुर, एजाज कुरैशी, सचिन दाहिया, अंशुल बर्मन, सुरेंद्र काछी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से मेलोडी टॉफी बांटकर विरोध जताया और सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी नाराजगी प्रकट की।




# तीन चोर पकड़ाए, उगली दो चोरियां

▸ जबलपुर समेत कटनी में की थीं चोरियां



**नवभारत, जबलपुर।** संजीवनी नगर पुलिस ने बालक समेत तीन चोरों को गिरफ्तार किया जिन्होंने पूछताछ में जबलपुर समेत कटनी में हुई दो चोरियों का खुलासा किया। पकड़े गए चोरों के कब्जे से चुराये हुये सोने चांदी के जेवर जप्त किए गए।

अति. पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला ने बताया कि संजीवनी नगर थाने में 26 मई की रात होमेन्द्र कुमार डेहरिया 47 वर्ष निवासी धनवंतरी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 मई को वह घर में ताला लगा कर ससुराल मदन महल अपने परिवार के साथ चला गया था। 26 मई को लौटे तो ताला टूटा हुआ था। पूजा स्थल के पास रखे चांदी के 4 सिक्के एक चांदी की भगवान की एक मूर्ति, नगद 10-12 हजार रूपए अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अंधमूक बाईपास के पास घेराबंदी कर शिवांशु जैन पिता प्रदीप जैन 19 वर्ष निवासी भूकंप कॉलोनी धनवंतरी नगर हनुमान मंदिर संजीवनी नगर एवं अभय सिंह कोर्टे पिता दादू राम सिंह कोर्टे 21 वर्ष निवासी ग्राम गड़वा थाना अमदरा जिला मैहर को दबोचा। पूछताछ में उन्होंने धनवंतरी नगर में एक सूने मकान में चोरी करना स्वीकार किया एवं अपने एक 17 वर्षिय साथी के साथ मिलकर कटनी में भी एक घर से सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपए चोरी कर जेवरों को दोनों के द्वारा आपस मे बांट लेना एवं नगदी रूपयो मे से साढे तीन हजार रूप्ये 17 वर्षिय साथी को देना, शेष रूपये खर्च कर देना बताये ।

### जेवर गिरवी रख उठाया एक लाख का लोन, सुनार को भी बेचे

शिवांशु जैन ने अपने हिस्से में मिले कटनी से चुराये सोने के जेवरों में से सोने के कंगन को मुथुड फायनेंस में गिरवी रखकर 1 लाख रूपये लोन लेकर खर्च कर देना बताया शेष चुराये हुये जेवर फाइनेंस में लोन के लिए जमा करने की रसीद एवं आरोपी अभय सिंह ने कटनी में चुराये हुये जेवरो में से हिस्से में मिले कुछ जेवरों को सराफा में सुनार को देकर नगद 1 लाख 45 हजार रूपये प्राप्त कर उक्त रूपयों में से 60 हजार रूपये देकर ढाई लाख की मोटर सायकिल फायनेंस कराना, शेष नगद रूपये खर्च करना बताया। आरोपी अभय सिंह कोर्टे के कब्जे से जेवर, बाइक जब्त की गई।